कॉमर्स फेस्ट का रंगारंग आयोजन

नर्मदापुरम। राज न्यूज नेटवर्क। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम के वाणिज्य विभाग द्वारा कॉमर्स फेस्ट का आयोजन दिनांक 5 और 7 जनवरी 2026 को किया गया कॉमर्स फेस्ट के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि भूतपूर्व प्राचार्य डॉक्टर एल एल शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा वर्तमान में कॉमर्स के विद्यार्थियों को इंडस्ट्री से जोड़ना होगा उन्हें शोधकार्य सीखना होगा तभी विद्यार्थियों की शिक्षा की सार्थकता संभव है । विशिष्ट अतिथि के रूप में आए कॉमर्स विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ आर एस बोहरे ने नियमित अध्यापन के साथ विद्यार्थियों को पुस्तकालय , खेल गतिविधियों में भागीदारी की बात कही कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर के चौकसे ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा की गुणवत्ता के साथ सर्वांगीण विकास की बात कही । इस अवसर पर अखिल विद्यार्थी परिषद के विभाग संयोजक श्री मृदुल नाथ चौहान ने प्रेरणात्मक उद्बोधन दिया । कॉमर्स विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ प्रीति आनंद उदयपुरे ने विभाग की संपूर्ण गतिविधियों पर प्रकाश डाला । कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन डॉ दिनेश श्रीवास्तव एवं आभार डॉ मीना कीर ने किया। कॉमर्स फेस्ट के आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को सांस्कृतिक ,खेल, पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों के लिए मंच प्रदान करना ,मेरिट विद्यार्थियों का पुरस्कृत करना है। कॉमर्स फेस्ट के अंतर्गत प्रतिवर्षानुसार वाणिज्य परिषद का गठन किया गया। वाणिज्य परिषद की अध्यक्ष मुस्कान रघुवंशी, उपाध्यक्ष शैलजा गुरु गोस्वामी ,सचिव मोहिता परिहार एवं सह सचिव साजिदा खातून को मनोनीत किया गया वाणिज्य परिषद की विभिन्न समितियो का गठन जैसे संस्कृति ,खेलकूद ,अनुशासन, प्रबंधन,इवेंट सलाहकार, तकनीकी , वृक्षारोपण समितियो का गठन किया गया ।जिनमें प्रमुख शिवानी साहु ,वैशाली कहार ,आलोक पुरी गोस्वामी, पीयूष राठौर ,योगेंद्र सिंह , प्रबल दुबे, नरेंद्र मालवीय ,खुशी साहू बनाए गए। सभी समितियो के सदस्यों को प्राचार्य द्वारा शपथ दिलाई गई ,उसके बाद पिछ्ले वर्ष मेरिट में आए विद्यार्थियों को मेडल, प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया जिसमें बीकॉम प्रथम वर्ष की अंशिता श्रीवास्तव एवं परी पटवा , द्वितीय वर्ष शैलजा गुरु गोस्वामी ,स्नेहा ,स्तुति त्रिवेदी बीकॉम तृतीय वर्ष आस्था जोशी , सुजैल गोहिया, बी कॉम चतुर्थ मेघा वर्मा एवं एम कॉम प्रथम वर्ष कशिश पटेल, एम कॉम द्वितीय वर्ष मोहिनी गौर ,बीसीए प्रथम वर्ष तेजस्विता शर्मा एवं द्वितीय वर्ष वंशिका बड़कुर बी सी ए द्वितीय वर्ष देव अधिकारी बीकॉम रिटेल तनवी मालवीय एवं साक्षी यादव को यूजीसी नेट पास करने के लिए पुरस्कृत किया गया।